# फिल्म सिटी के लेआउट प्लान का परीक्षण पूरा, शुरू होगा निर्माण

जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडाः यमुना प्राधिकरण के सेक्टर 21 में विकसित होने वाली फिल्म सिटी के लेआउट प्लान का परीक्षण पूरा कर विकासकर्ता कंपनी बेव्यू भूटानी फिल्म सिटी प्रा. लि. को सौंपा। इसका निर्माण जल्द शुरू होने की उम्मीद है। पहले चरण में तीन साल के अंदर फिल्म निर्माण संबंधित ढांचा विकसित होगा। फिल्म निर्माण संबंधित छह ढांचागत संरचनाओं को विकसित किया जाएगा। इसी माह शिलान्यास हो सकता है।



यमुना प्राधिकरण कार्यालय में जानकारी देते फिल्म निर्माता निर्देशक बोनी कपूर। साथ में सीईओ डा. अरुणवीर सिंह ● जागरण आर्काइव

## औद्योगिक व कामर्शियल श्रेणी में ढांचा निर्माण को लेकर आपत्ति

फिल्म निर्माण संबंधित ढांचागत सुविधा, औद्योगिक क्षेत्र व माल, दुकान आदि कामर्शियल के लिए चिह्नित क्षेत्र में बनाना अनिवार्य है। मास्टर प्लान में कुछ सुविधाएं चिह्नित क्षेत्र के स्थान पर अन्य श्रेणी के लिए आरक्षित क्षेत्र में प्रस्तावित कर दी गई थीं। इस पर आपत्ति लगाकर संशोधित करने के लिए कहा गया है।

**1000** एकड़ में प्रस्तावित है फिल्म सिटी यमुना प्राधिकरण के सेक्टर 21 में

**90** साल के लिए लाइसेंस दिया गया है बेव्यू भूटानी फिल्म सिटी प्रा. लि. को

**18** प्रतिशत राजस्व मिलेगा यीडा को फिल्म सिटी से होने वाली कमाई से

यमुना प्राधिकरण के सेक्टर 21 में 1,000 एकड़ में फिल्म सिटी प्रस्तावित है। पहले चरण में 230 एकड़ में फिल्म सिटी विकसित करने के लिए फिल्म निर्माता बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू भूटानी फिल्म सिटी प्रा. लि. का चयन किया था। कंपनी की ओर से परियोजना का निर्माण शुरू करने के लिए लेआउट प्लान यमुना प्राधिकरण की स्वीकृति को दिया गया था। कंपनी को आवंटित 230 एकड़ जमीन में से 155 एकड़ औद्योगिक श्रेणी व 75 एकड़ कामर्शियल श्रेणी की है। औद्योगिक श्रेणी की जमीन पर फिल्म निर्माण के लिए ढांचा विकसित होगा। शेष पर माल, दुकान आदि विकसित होंगे। लेकिन कंसेशन एग्रीमेंट की शर्त के तहत कंपनी को पहले चरण में तीन साल के अंदर फिल्म निर्माण के लिए ढांचा विकसित करना जरूरी है।

यमुना प्राधिकरण के ओएसडी शैलेंद्र भाटिया ने कहा कि फिल्म सिटी के लेआउट परीक्षण का काम पूरा हो चुका है। कुछ आपत्ति के साथ इसे कंपनी को दिया गया है। आपत्ति निस्तारण के बाद लेआउट प्लान स्वीकृत होगा। फिर निर्माण होगा।

**13 ढांचागत सुविधाएं विकसित होंगी फिल्म सिटी में**: फिल्म सिटी को पर्यटन केंद्र भी बनाने की योजना है। इसलिए फिल्म सिटी में 13 ढांचागत सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसमें फिल्म इंस्टीट्यूट, फिल्म म्यूजियम, फिल्म स्टूडियो, फिल्म स्टूडियो बैकलाट्स, सैलिब्रिटी स्टूडियो, आइकानिक थियेटर, सिनेमा व मल्टीप्लेक्स, रेस्तरां, कामर्शियल आफिस, होटल, दुकान, आदि शामिल हैं।

**1510 करोड़ की है परियोजना**: इसकी परियोजना 1510 करोड़ की है। इसके निर्माण व संचालन को बेव्यू भूटानी फिल्म सिटी प्रा. लि. को 90 साल के लिए लाइसेंस दिया गया है।